NEC
a link with electricity

पंजाब केसरी
— www.PunjabKesari.com —

Date: 24-10-2018 Page No. 8

बॉलीवुड सिंगर मास्टर सलीम के गाने पर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

नित्या इलेक्ट्रोकंट्रोल द्वारा साईं बाबा के समाधि के 100वें बरसी पर दिल्ली स्थित सिरी फोर्ट आडिटोरियम में साईं संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर बॉलीवुड के मशहूर सिंगर मास्टर सलीम के गानों पर दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया। नित्या इलेक्ट्रोकंट्रोल की इस पहल से दिल्लीवासियों के लिए साईं की समाधि के सौ साल का अवसर यादगार रहा।

दीप प्रज्जवलन और गणेश बंदना के साथ कार्यक्रम की शरुआत हुई और इसके बाद एक के बाद एक साईं के भजन ने दर्शकों को आनंद से भर दिया। जगरात्रा, जय जय कार, एनवई एनवई, मा दा लाडला...जैसे यादगार गीत मास्टर सलीम की पहचान है।

इस मौके पर नित्या इलेक्ट्रोकंट्रोल के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशान्त श्रीवास्तव ने कहा कि आप अपनी कमियों को ईश्वर के हवाले कर दें, वे आपको ताकत से भर देंगे। ये सोच ही है जो सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात के लिए ईश्वर का आभार जताया है कि वे इस उत्सव और प्रार्थना का हिस्सा रहें जो अच्छाई को आगे बढ़ाएगी।

लो और मीडियम वोल्टेज पैनल, स्विच गीयर, मोटर स्टार्टर और ऑटोमेशन के क्षेत्र में नित्या इलेक्ट्रोकंट्रोल प्राइवेट लिमिटेड बड़ा नाम है। एनईसीपीएल ने शुरू से ही क्वालिटी के ऊंचे मानदंडों को बनाए रखा है।

एनईसीपीएल के पास बेहद शिक्षित और प्रशिक्षित स्टाफ हैं। इनके पास इंटीग्रेशन में कई सालों के अनुभव वाले लोगों का वर्कफोर्स है जो हर तरह की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। कंपनी के लिए सेवा का आधार ही है ग्राहकों की संतुष्टि और यही उसकी पहली प्राथमिकता है।